# विज्ञान और दर्शन
# (Science and Philosophy)

प्राकृतिक घटनाओं का अध्ययन करना तथा उनमें संबंध स्थापित करने के विषय को विज्ञान कहते है। विज्ञान की कई शाखाएं होती जिनमे कुछ भौतिक ~~ग~~ वस्तुओं के भौतिक गुण तो कई इनके रसायनिक गुणो का अध्ययन करते है। विज्ञान की एक दूसरी शाखा जीव-विज्ञा है जिनमे हम प्राणीयों के जैविक प्रक्रियाओ का अध्ययन करते है।
वातावरण में हर क्षण जो छोटी से छोटी घटनाएं होती है उनमे विज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान है। जैसे पत्तो का जमीन पर ~~गिरना~~ गिरना, पानी का भाप बनना, बर्फ का पानी बनना आदि घटनाएँ विज्ञान द्वारा ही घटित होती है।

दर्शन संपूर्ण सत्ता के बारे में कोई धारणा बनाने की कोशिश करता है। उसका उद्देश्य विश्व को समझना है। सत्ता का स्वरूप क्या है? प्रकृति क्या है? आत्मा क्या है? ईश्वर क्या है? दर्शन इन जिज्ञासाओं का समाधान करने की कोशिश करता है। दर्शन यह समझने की भी कोशिश करता है कि मानव-जीवन का प्रयोजन और मूल्य क्या है तथा इसका इस जगत से क्या संबंध है

इस दृष्टि से दर्शन जीवन और अनुभव की आलोचना है।

दर्शन का निर्माण विचार के आधार पर होता है। तर्कनिष्ठ विचार ज्ञान का साधन है। दर्शन तर्कनिष्ठ विचार के द्वारा सत्ता के स्वरूप को समझने की कोशिश करता है। पश्चिमी दर्शन में सैद्धान्तिक प्रयोजन का प्राधान्य है। वह स्वतंत्र चिंतन पर आधारित है और आप्त-प्रमाण की उपेक्षा करता है। नीति और धर्म की व्यवहारिक बातों से वह प्रेरणा नहीं लेता। इसके विपरीत, भारतीय दर्शन एक आध्यात्मिक खोज है। भारतीय दर्शन सत्ता के छानबीन की जो कोशिश करता है उसके पीछे उद्देश्य मानव जीवन की वास्तविकता को समझना है। मानव जीवन के ~~इस~~ उस ~~ब~~ परम लक्ष्य तक पहुचना है मोक्ष, को प्राप्त करना है।

भारतीय दर्शन तत्वतः आध्यात्मिक है। भारत में दर्शन और धर्म परस्पर आश्रित माने जाते हैं। यहाँ धर्म कट्टर विश्वासो का घर नहीं है बल्कि एक सजीव अनुभव है। धर्म ~~आध्यमिक~~ आध्यात्मिक सत्य को प्राप्त करने का व्यवहारिक उपाय है।

Date ______
Page ______

'दर्शन' भारत का एक पुराना शब्द है। 'दर्शन' का अर्थ है 'दृष्टि'। दर्शनशास्त्र संपूर्ण सत्ता का दर्शन है। भारतीय दर्शन चिंतन-मनन के आधार पर प्रतिष्ठित है इसमें चिंतन-मनन का स्थान वेदों की 'अपेक्षा गौण है।

हर विषय का अपना एक दर्शन होता है। जहाँ तार्किकता होती है दर्शन भी वहीं से शुरू होता है।
विज्ञान के लिए भी तार्किकता महत्वपूर्ण है। विज्ञान भी एक प्रकार का दर्शन है क्योंकि इसमें तार्किकता है।